Sixteenth Loksabha

an>

Title: Issue related to death of homeless people due to cold weather in Delhi.

श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा (पश्चिमी दिल्ली) : अध्यक्ष महोदया, भारत की राजधानी में हर वऐन ठंड के दिनों में सैकड़ों लोग मरते हैं। इस साल भी अभी तक 170 लोग ठंड के कारण से मर चुके हैं। हर रोज़ 50 हज़ार से ज्यादा लोग दिल्ली में सड़कों पर सोने को मजबूर हैं। अभी जो पीछे अखबारों में फोटो छपी कि बहुत सारे लोग तो जानवरों के साथ या कुत्तों के साथ यमुना की रेत में सोते हुए दिखाई दिए थे। दिल्ली सरकार ने सन् 2015 में कहा था, दिल्ली के मुख्य मंत्री ने कहा था कि हम दिल्ली में ठंड की वजह से किसी भी बेघर आदमी को मरने नहीं देंगे। हम उनके लिए नाइट शैल्टर बनाएंगे, हम उनके लिए गर्म पानी की व्यवस्था करेंगे, नाश्ते की व्यवस्था करेंगे। मगर बहुत ही दुख के साथ कहना पड़ता है कि केंद्र सरकार नैशनल अर्बन लाइवलीहुड मिशन के अंतर्गत दिल्ली सरकार को जो पैसा देती है, वह पैसा भी दिल्ली सरकार अभी तक पूरी तरह से खर्च नहीं कर पाई है और बेघर लोगों के लिए अभी तक नाइट शैल्टर्स का बंदोबस्त नहीं कर पाई है। आम आदमी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं के एनजीओज़ को वे सारे नाइट शैल्टर्स दे रखे हैं जो एक-एक आदमी से दस-दस रूपये लेते हैं। जिसके पास घर नहीं है, जिसके पास खाने को नहीं है, वह रात को वहां पर सोने के लिए दस रुपये कैसे देगा? मैं सदन से और हमारी सरकार से यह कहना चाहता हूँ कि वे दिल्ली के मुख्य मंत्री से बात कर के पता लगाएं कि जो भी फण्ड केंद्र सरकार की तरफ से उनको दिया गया है, क्या उसका सही सदुपयोग हुआ है। भारत की राजधानी में बहुत ही बुरा लगता है, पूरा देश इसकी चर्चा करता है, अखबारों में छपता है कि भारत की राजधानी में कोई व्यक्ति ठंड से मरता है तो यह बहुत ही शर्म और दुख की बात है। दिल्ली के मुख्य मंत्री के ऊपर ये सारे आरोप लगने चाहिए, कत्ल के आरोप लगने चाहिए अगर एक भी व्यक्ति की मृत्यु ठंड से होती है।

माननीय अध्यक्ष :

कुँवर पुऐपेद्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा द्वारा उठाए गए विऐय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।